दिनांक 08 अक्टूबर 2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने खम्हरिया में निर्माणाधीन एसएलआरएम सेन्टर का किया निरीक्षण, मुक्तिधाम के रिनोवेशन के दिये निर्देश

भिलाईनगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने खम्हरिया में निर्माणाधीन एसएलआरएम सेन्टर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों से निर्माणाधीन एसएलआरएम सेंटर के कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान तुलसी साहू , केशव चौबे, प्रभाकर जनबंधु, एल्डरमैन नरसिंहनाथ एवं शमशेर बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे! जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि ने महापौर को बताया कि खम्हरिया एसएलआरएम सेन्टर का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। 35 फीसदी कार्य पूर्ण किया जा चुका है। विदित है कि निगम दो स्थानों पर नये एसएलआरएम सेन्टर का निर्माण कर रही है। पहला बटालियन के पास और दूसरा खम्हरिया मुक्तिधाम के समीप। दो स्थानों पर जीरो वेस्ट सेन्टर बनने से प्रतिदिन एकत्र होने वाले कचरे से सोनहा खाद जल्द तैयार होगा। खाद बनाने का कार्य यहां वर्ष भर चलेगा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत निगम जीरो वेस्ट पर ज्यादा फोकस कर रही है। ताकि सॉलिड वेस्ट मैननेजमेंट अधिनियम के तहत् सुखा और गीला कचरे का बेहतर तरीके से निपटान किया जा सके। एसएलआरएम सेन्टर में घरो से एकत्र की गई कुड़ा-करकट मे से गीले कचरे से सोनहा खाद तैयार किया जाता है और सुखे कचरे का पृथक्कीकरण कर विक्रय किया जा रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में निगम ने सोनहा खाद को बेचकर काफी राजस्व जुटाया था।

जोन आयुक्त ने महापौर को अवगत कराया कि समीप स्थित तालाब में मछली पालन को बढ़ावा दिया जाएगा साथ ही आवागमन के लिए रास्ता का निर्माण किया जाएगा! मुक्तिधाम में बाउंड्री वॉल का निर्माण किया गया है! श्री यादव ने निर्देश दिए कि मुक्तिधाम का रिनोवेशन के लिए प्रस्ताव तैयार करें, मुक्तिधाम के शेड को व्यवस्थित करने के भी निर्देश दिए! महापौर ने कहा कि विद्युत कनेक्शन एवं पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए अभी से प्रयास करें ताकि एसएलआरएम सेंटर निर्माण होते ही सेग्रीगेशन का कार्य चालू हो सके! निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता सुनील दुबे , जोन के स्वच्छता अधिकारी अंकित सक्सेना आदि मौजूद रहे!